प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय कैबिनट ने डिजिटल कृषि मिशन समेत किसानों से जुड़ी 14 हजार करोड़ रुपये की सात बड़ी योजनाओं को दी मंजूरी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ, कहा– भाजपा पार्टी संविधान से चलने वाला एक मात्र दल।
- राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में अब तक 12 अभ्यर्थियों की मौत, भाजपा ने युवाओं की मौत के लिए राज्य सरकार पर बोला हमला।
- नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को एक और सफलता, उग्रवादी संगठन टीपीसी का एरिया कमांडर राहुल गंझू ने रांची पुलिस के समक्ष किया समर्पण।
- पेरिस पैरालिंपिक के बैडमिंटन में नीतेश कुमार ने भारत को दिलाया स्वर्ण पदक, योगेश कथुनिया को डिस्कस थ्रो में मिला रजत पदक।

****

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में आज किसानों से जुड़ीं सात योजनाओं को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की जिंदगी में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए सरकार ने सात बड़े फैसले किए हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दी है। यह कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार करने के लिए है। 2817 करोड़ के निवेश से डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन तैयार होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर श्री मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से अपनी सदस्यता का नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया। मौके पर श्री मोदी ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा दल है जो पार्टी के संविधान से चलता है।

****

राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए चल रही शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल पलामू के एक और अभ्यर्थी की आज मौत हो गयी। इसके साथ ही मौत का आंकड़ा 12 तक पहुंच गयी है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

****

इस बीच उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक जवान की भी मौत हो गई है। मृतक जवान की पहचान अजीत कुजूर के रूप में हुई है। वे लातेहार जिला बल में तैनात थे। बताया जाता है कि उनकी तबीयत खराब थी।

****

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने उत्पाद बहाली में अभ्यर्थियों की मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। पलामू में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही के कारण ये हादसे हो रहे हैं।

****

इधर, झामुमो ने भाजपा के आरोपों को गलत बताया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली में हो रही मौतों की जांच की जा रही है।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को लेकर फिर राज्य सरकार पर हमला बोला है। पलामू में आयोजित संवाददाता से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना के

खिलाफ सरकार ने ही अदालत में पीआईएल दर्ज करवाया है और भाजपा को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज सरायकेला–खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड के रुगड़ी बाजार मैदान में ग्रामीणों के साथ संवाद किया और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली।

उधर, पूर्वी सिंहभूम जिले के हुरलुंग पंचायत में आयोजित संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों की प्राथमिकता को समझा है। गांव के लोगों के सुख–दुख की उन्हें चिंता है।

****

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के एरिया कमांडर राहुल गंझू ने आज रांची में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मौके पर रांची एसएसपी चंदन सिन्हा के अलावा कई अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के सिरम गांव निवासी राहुल के खिलाफ रांची और चतरा जिले के अलग–अलग थानों में कुल 21 मामले दर्ज हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल ने संगठन के बारे में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं।

****

चाईबासा स्थित जिला बार एसोसिएशन को जल्द ही अपना नया भवन मिलेगा। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

****

पेरिस पैरालिंपिक में नितेश कुमार ने बैडमिंटन पुरुष सिंगल्स के एसएल–3 श्रेणी का स्वर्ण पदक जीत लिया है। इससे पहले योगेश कथुनिया ने पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ–56 स्पर्धा में रजत पदक जीता।

********समाप्त********